an>

Title: Regarding conducting CBI enquiry on the death of 31 youth who lost their life in police firing during their demand on reservation.

श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) : अध्यक्ष महोदया, जिस तरह धनंजय जी ने बताया है, पिछले साल फरवरी माह में हरियाणा में आरक्षण की मांग पर आन्दोलन हुआ और उस आन्दोलन में 31 बेगुनाहों की जान गयी। वहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के एक मंत्री के घर पर आगजनी हुई तो उसके बारे में केन्द्र सरकार ने दो सीबीआई इनक्वायरीज की मांग की और जिन 31 लोगों की जान गयी, आज तक केन्द्र सरकार और माननीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी के एश्योरेंस के बावजूद भी कोई इनक्वायरी नहीं हुई। हरीभाई चौधरी जी यहां बैठे हैं, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप एश्योरेंस दीजिए कि जिन 31 युवाओं की पुलिस की गोलियों से जान गयी, उनके खिलाफ भी सीबीआई इनक्वायरी भारत सरकार करवाएगी। धन्यवाद।